B.A. Honours Part - I, Paper - II

Q. औद्योगिक क्रांति के कारणों की विवेचना करें।

Ans → इंगलैण्ड के इतिहास में जिस प्रकार 17 वीं सदी राजा और संसद की कसमकस के लिए महत्वपूर्ण है और 18 वीं सदी की प्रमुख घटनाएं – ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के युद्धों में केन्द्रित है, उसी प्रकार सन 1800 के बाद का युग विज्ञान की क्रांति के लिए महत्वपूर्ण है, जिसके फलस्वरूप इंगलैण्ड में औद्योगिक क्रांति का होना अवश्यम्भावी हो गया।

औद्योगिक क्रांति से यहां तात्पर्य उन सारे आन्दोलनों से है जिन्होंने 18 वीं और 19 वी शताब्दी में इंगलैण्ड के पुराने औद्योगिक ढांचे में एक महान परिवर्तन ला दिया। इसे ही इंगलैण्ड की औद्योगिक क्रांति के नाम से जाना जाता है। 17 वीं या 18 वीं शताब्दी से पूर्व घरेलू उद्योग-धंधों के तरीकों पर, घरों में ही हाथ से बनी वस्तुएं तैयार की जाती थीं और इस प्रकार उनमें थोड़ी पूंजी की आवश्यकता होती थी। परन्तु औद्योगिक क्रांति के कारण बड़ी पूंजी की सहायता से बड़े-बड़े कारखानों में चीजें मशीनों द्वारा तैयार होने लगी। संक्षेप में, औद्योगिक क्रांति ने तीन वस्तुएं पैदा की – पहली कारखाने, दूसरी बड़े-बड़े औद्योगिक नगर, और तीसरी पूंजीपति वर्ग। इस प्रकार संक्षेप में, औद्योगिक क्रांति उस परिवर्तन को कहते है जो घरेलू उद्योगों से कारखाने और हाथ के बजाय मशीन के काम के रूप में हुआ। इन सबका समाजिक जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। मनुष्यों के आर्थिक जीवन तथा समाजिक जीवन में एक महान परिवर्तन हुआ। इस प्रकार अन्ततोगत्वा, औद्योगिक क्रांति उस परिवर्तन के समूह को कहते है जो 18 वीं सदी में यंत्र द्वारा बनाये जाने वाले सामानों - कपड़ा, लोहा, स्टील

JANUARY 2021
S M T W T F S
31 1 2
3 4 5 6 7 8 9
10 11 12 13 14 15 16
17 18 19 20 21 22 23
24 25 26 27 28 29 30

इत्यादि के उत्पादन की विधियों में हुए दस्तकारी के स्थान पर वैज्ञानिक अनुसंधानों के परिणामस्वरूप जब कारखानों का जन्म हुआ और उत्पाद में वृद्धि हुई तो इसे ही 'औद्योगिक क्रांति' और उस युग को औद्योगिक क्रांति का युग कहा जाने लगा। महान इतिहासकार Riker के अनुसार - "The Industrial Revolution was transformation in the method of production and transportation through the general substitution of power driven machinery for hand-labour" दस्तकारी के स्थान पर वाष्पयंत्रों द्वारा चालित उत्पादन और यातायात की प्रक्रियाओं में सामान्य रूप से परिवर्तन लाना ही औद्योगिक क्रांति थी।

**औद्योगिक क्रांति के कारण** → इतिहासकारों में मतभेद है कि औद्योगिक क्रांति का प्रारंभ कब और कैसे हुआ। 18 वीं सदी के मध्य तक बहुत से व्यवस्थाएँ काफी बुरी थी। पक्की सड़कों का अभाव था। सड़के इतनी खराब थी कि गाड़ियों के पहिए सड़कों के गड्ढे में फस जाते थे। इन बुराईयों को दूर करने की चेष्टा हुई। इंजीनियरों की सहायता से पक्की सड़कों का निर्माण हुआ। ट्राम-गाड़ियाँ बनाई गई। सन् 1774 में पामर ने नयी डाक व्यवस्था चलायी। इंगलैण्ड में सर्वप्रथम सन् 1759 ई० में नहर का निर्माण हुआ। 18 वीं सदी के अन्त तक कई नहरों का निर्माण हो गया और लन्दन, ब्रिसटल, लिवरपुल इत्यादि बड़े-बड़े शहर नहरों द्वारा एक-दूसरे से जोड़ दिये गये। 18 वीं सदी के प्रारंभिक काल में रेलगाड़ियों और

MARCH 2021

| M | T | W | T | F | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

# इंगलैण्ड का इतिहास



स्टीमरों का आविष्कार हुआ धीरे-धीरे इंगलैण्ड और यूरोप में रेल का जाल-सा बिछ गया। सन् 1835 ई० में बिजली के सहारे तार भेजने का और सन् 1835 ई० में अन्तरराष्ट्रीय डाक व्यवस्था संघ का निर्माण हुआ। सन् 1876 ई० में टेलीफोन और सन् 1817 ई० में वायुयान का आविष्कार हुआ। इन आविष्कारों से यातायात के साधनों में अभूतपूर्व उन्नति हुई जिससे औद्योगिक क्रांति का मार्ग और भी ज्यादा प्रशस्त हो गया।

इस प्रकार कपड़े के उद्योग, भाप की शक्ति का उपयोग, लोहे तथा कोयले के उद्योग, यातायात के साधनों का विकास एवं उसमें परिवर्तन आदि के कारण 17 वीं और 18 वीं शताब्दी में इंगलैण्ड में औद्योगिक क्रांति की लहर को कोई रोक न सका। जहाजों के विकास के फलस्वरूप इंगलैण्ड के विभिन्न समुद्र तटों पर सुन्दर-सुन्दर बन्दरगाह बन गया। फलस्वरूप अन्तर्देशीय व्यापार में चार चाँद लग गए। इंगलैण्ड का बेड़ा संसार भर में मशहूर हो गया और Britain वाले गर्व के साथ कहने लगे "Britain rules the waves" अर्थात् ब्रिटेन सागरों का स्वामी है। देखते-देखते लंदन संसार का सबसे प्रसिद्ध बन्दरगाह बन गया और इंगलैण्ड संसार का सबसे प्रसिद्ध कारखाना। ऐसी ही परिस्थिति में इंगलैंड में औद्योगिक क्रांति हुई।

**औद्योगिक क्रांति इंगलैण्ड में ही क्यों हुई →** यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि यह औद्योगिक क्रांति इंगलैंड में ही क्यों हुई? यद्यपि 18वीं शताब्दी में यूरोप में फ्रांस प्रमुख देश था जो इंगलैंड से उन दिनों काफी बढ़ा हुआ था फिर भी फ्रांस भी

Scanned with CamScanner

T.D.C. Part-I, Paper-II

(040-325) WK 07

09 TUESDAY • FEBRUARY • 2021

यूरोप के अन्य दूसरे देशों में यह औद्योगिक क्रांति न होकर सर्वप्रथम इंगलैण्ड में ही से क्यों हुई ? हम कह सकते है आसानी से कि जिस प्रकार 18 वी शताब्दी में राजनीतिक क्रांति के सभी उपादान फ्रांस में मौजूद थे उसी प्रकार इंगलैण्ड में भी दूसरे देशों की अपेक्षा औद्योगिक क्रांति के सभी उपादान एक साथ मौजूद थे जिसके चलते औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम इंगलैण्ड में ही हुई।

इंगलैंड का औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने के कारण → अठारहवीं शताब्दी के प्रारंभ में ब्रिटेन किसी भी मापदंड से यूरोप का सबसे विकसित देश नहीं था। इस शताब्दी के दौरान औद्योगीकरण के प्रयत्न केवल ब्रिटेन में ही नहीं बल्कि सभी देशों में किये गये। परन्तु शताब्दी के अन्तिम दशक तक इंगलैण्ड निःसंदेह औद्योगीकरण के क्षेत्र में यूरोप का अग्रणी बन गया। शताब्दी के अन्त तक कारखाना व्यवस्था का बड़े पैमाने पर विस्तार होने लगा जो अधिक मात्रा में कच्चे माल की उपलब्धता, मशीनों के प्रयोग तथा शक्ति के सस्ते व उन्नत तरीकों पर आधारित थी। इस दिशा में अभूतपूर्व गति से परिवर्तन हुए जिन्होंने ब्रिटेन को ही नहीं वरन आने वाली शताब्दी में विश्व की अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान की। इन परिवर्तनों को औद्योगिक क्रांति के नाम से जाना जाता है।

Dr. Digambar Jha
S.R.A.P. College, Chakiya

Scanned with CamScanner